Regarding unregistered finance companies-Laid

श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) **:** मैं माननीय वित्त मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि देश में ऐसी कितनी माइक्रोफाइनेंस कंपनी चल रही हैं जो मानक के अनुरूप कार्य नही कर रही? देश में कितनी अन-रजिस्टर्ड छोटी-छोटी कंपनियां है जो देश के भोले-भाले नागरिकों से झूठे वादे देकर फिक्स्ड डिपाजिट कराती हैं? उन कंपनियों के खिलाफ अभी तक क्या कार्यवाही हुयी हैं । क्या माननीय वित्त मंत्री जी सदन को इससे अवगत कराएंगी । मैं यह भी जानना चाहता हूँ कि क्या सहारा फाइनेंस कंपनी में जमा सावधि रकम की वापसी की सरकार की कोई ठोस योजना हैं? यदि हैं, तो कृपया उत्तर प्रदेश के वाराणसी मंडल के पीड़ित निवेशको ने जो रकम जमा किए है उनमे जिनको भुगतान किया जा चूका है, उसकी सूची उपलब्ध कराएं और जिन पीडितो को अभीतक उनकी रकम वापस नहीं मिली है उनका भुगतान कब तक होगा इससे भी अवगत कराया जाए ।